भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.03.2023

आरेडिका में मेडीटेशन शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में विश्व महिला दिवस 2023 के उपलक्ष्य में 1–8 मार्च तक महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज 03.03.2023 को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था की सुधा बहन ने मेडिटेशन सेमीनार के माध्यम से आरेडिका की प्रतिभागी महिलाओं को ध्यान योग के संबंध में जानकारी प्रदान की।

उन्होने बताया कि, आज के भौतिक जगत् में मानव सब प्रकार के संसाधन होने बाद भी तनाव से ग्रसित हैं उन्हें आध्यात्मिक शक्ति की आवश्यकता है। इसके लिए ध्यान योग ही एक साधन है। जिसके द्वारा भौतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त की जा सकती है।

आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती हरमिंदर कलसी आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं जिनके निर्देशन में कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसमें आरेडिका की महिलाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर आरेडिका की महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं।

(आर एन तिवारी) 03/03/2023
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी